न्यायालय, श्रीमती बबली कुमारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी ,बुण्डू(राँची)

आदेश पत्रक

159

वाद सं०-- 116 /2018

धारा—107 द०प्र०सं०

दुर्गा मुण्डा वगैरह बनाम सोमरा उराँव वगैरह

आदेश की क्रम सं० एवं तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई एवं टिप्पणी तारीख सहित
19-09-18	अभिलेख सं०-एम 116 /20 18, मे द०प्र०सं० की धारा—107 के तहत थाना प्रभारी बुण्डू के अप्राथमिकी सं०- 25/18 दिनांक-15-8-18 के द्वारा प्राप्त पुलिस प्रतिवेदन/आवेदन से सूचना मिली है कि खाता नं० 101 प्लॉट नं० 1250 रकबा 35 डी० भूमि को लेकर उभय पक्ष में विवाद है। जिससे संभावना है कि परिशांति भंग होगी या लोक परिशांति क्षुब्ध होगी या उभय पक्ष/विपक्षी कोई ऐसा असंतोषकारी कार्य करेंगे जिससे परिशांति भंग हो जाएगी या लोक परिशांति क्षुब्ध हो जाएगी। अतः मैं बबली कुमारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी ,बुण्डू (राँची) उक्त पुलिस प्रतिवेदन से संतुष्ट होकर उभय पक्ष/द्वितीय पक्ष के विरूद्ध द०प्र०सं० की धारा—107 के अन्तर्गत कार्यवाही आरंभ करती हूँ। उभय पक्ष/द्वितीय पक्ष के विरूद्ध सूचना निर्गत करे कि वे कारण दर्शित करें कि उन्हें एक वर्ष तक परिशांति कायम रखने के लिए उससे/उनसे प्रत्येक को 1000(एक हजार) रू० का बन्ध पत्र उसी राशि के दो जमानतदारों के साथ राशि दाखिल करने हेतु आदेश क्यों नहीं दिया जाय। अभिलेख तिथि 08/10/18 को उपस्थापित करें। लेखापित एवं संशोधित। 19/09/18 कार्यपालक दण्डाधिकारी , बुण्डू (राँची)। 19/09/18 कार्यपालक दण्डाधिकारी , बुण्डू (राँची)।	

आदेश की क्रम सं०	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई एवं टिप्पणी तारीख सहित
	द्वितीय पक्ष की ओर से गवाही लालमोहन गोराई से परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण लिया गया तथा गवाही से मुक्त किया गया। प्रथम पक्ष की ओर से न्यायालय में आवेदन देकर अनुरोध किया गया है कि वाद के दो माह का अवधि विस्तार किया जाए। प्रथम पक्ष के आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है। दिनांक 10-05-19 को रखें। [signature] 27/04/19	
10-05-19	अभिलेख उपस्थापित। प्रथम पक्ष अनुपस्थित द्वितीय पक्ष क्रमांक 01, 03 उपस्थित अन्य अधिवक्ता हाजिरी। उक्त वाद के 6 (छः) माह की अवधि पूर्ण हो चुकी है अर्थात वाद कालबाधित हो गया है अतः वाद के अभिलेख की कार्रवाई बन्द की जाती है। [signature] 10/05/19	

Digitally signed by Ajay Kumar Saw
Date: 2022.07.26 15:06:25 +05:30
Location: 10.93.79.5